हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 2 मार्च 2026

07 नगर पालिका की ईको-फ्रेंडली होली मनाने की...



08 त्योहार को लेकर हिंदू उत्सव समिति की बैठक आयोजित





## समाचार संक्षेप

### नपाध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया

**गुना।** नगर के प्रथम नागरिक एवं नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला का नगर आगमन पर पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। ज्ञात हो कि उप मुख्यमंत्री का अल्प प्रवास पर गुना आगमन हुआ है,आप मानस भवन में आयोजित संभाग स्तरीय गुलाब प्रदर्शनी के समापन समारोह में फूलों की खेती करने वाले कृषकों भेंट करेंगे तथा उन्हें सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।



### पतंजलि परिवार के पांचों संगठनों की मासिक बैठक संपन्न



**गुना।** राज्य प्रभारी कृष्ण योगेंदर रघुवंशी एवं भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी डॉक्टर एमके विश्वास एवं पतंजलि किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी चंद्र मोहन यादव की उपस्थिति में संपन्न हुई । बैठक में विशेष हर्ष का विषय रहा कि भारत स्वाभिमान न्यास के केंद्रीय प्रभारी एवं परम पूज्य स्वामी रामदेव जी के परम शिष्य स्वामी डॉ परमार्थ देव जी द्वारा गुना जिले को अप्रैल माह में तीन दिवसीय योग शिविर की स्वीकृति दे दी गई है एवं 25 मार्च से चल रहे सहयोग शिक्षक के प्रशिक्षण की समीक्षा की गई कल अभी तक 34 सहयोग शिक्षक का रजिस्ट्रेशन हुआ है एवं प्रशिक्षण9 मार्च तक जारी रहेगा। तीन दिवसीय योग शिविर गुना शहर मैं या आरोन तहसील में होना चाहिए। उपस्थित सभी सदस्यों पदाधिकारी ने अपने-अपने सुझाव साझा किये आगामी माह की बैठक में निश्चित किया जावेगा । शांति पाठ के साथ बैठक का समापन करते हुए । भारत स्वाभिमान न्यास के जिला सह प्रभारी श राजेश कुमार श्रीवास्तव को वरिष्ठ नागरिक परिसंघ जिला गुना का जिला अध्यक्ष का दायित्व मिलने पर सभी ने पुष्प मालाओं से सम्मान किया एवं शुभकामनाएं शुभकामनाओं सहित बधाइयां प्रेषित की बैठक में उपस्थित रहे बृजेश कुमार श्रीवास्तव ,अरविंद श्रीवास्तव ,धनीराम ग्वाल, विजय साहू, धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी ,अर्जुन सिंह मीणा आरोन, हरि सिंह यादव बमोरी, उपस्थित रहे।

### शांति समिति की बैठक संपन्न, होली शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से मनाने की अपील

**आरोन।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से मनाने के उद्देश्य से थाना परिसर आरोन में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया और त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई।बैठक में एसडीएम महेश वमनाह, तहसीलदार धीरेंद्र गुप्ता तथा थाना प्रभारी इंचार्ज पंकज कुशवाहा उपस्थित रहे। अधिकारियों ने नागरिकों से होली का पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की।अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि होली के दौरान डीजे साउंड पर प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे परंपराओं का सम्मान करते हुए शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं तथा प्रशासन का सहयोग करें, ताकि होली का पर्व हर्षोल्लास और सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो।

### पर्यावरण अनुकूल होली मनाने की अपील

**गुना।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी मंजुषा खत्री ने सभी गुना वासियों से विनम्र अपील है कि होली का पावन पर्व पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए मनाएँ। होलिका दहन के दौरान लकड़ी का कम से कम उपयोग करें, जिससे अनावश्यक रूप से पेड़ों की कटाई न हो और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा हो सके। परंपराओं में भी प्रकृति के संरक्षण का विशेष महत्व रहा है, पारंपरिक एवं पर्यावरण-अनुकूल तरीके अपनाते हुए गोबर (गोकास्ट) से बने उपलों का प्रयोग करें। गोबर के उपलेकम प्रदूषण फैलाते हैं, बल्कि यह हमारी ग्रामीण संस्कृति और स्वदेशी परंपराओं को भी बढ़ावा देते हैं।

## गुलाब स्टोरी आने वाले समय में प्रदेश और देश के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बनेगी

### संभाग स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी एवं कृषक कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

"गुलाब की यह कहानी आने वाले समय में प्रदेश और देश के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बनेगी।" यह विचार उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मानस भवन, गुना में आयोजित संभाग स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी एवं कृषक कार्यशाला के समापन अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और प्राकृतिक खेती के समन्वय से किसान आर्थिक रूप से सशक्त बन सकते हैं। उद्यानिकी विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने संभाग के विभिन्न जिलों से आए कृषकों द्वारा लगाए गए स्टालों एवं पुष्प प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा उनसे संवाद कर खेती की उन्नत तकनीकों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गुलाब की खेती से एक एकड़ में सालाना लगभग 14 लाख रुपये तक की आय




संभव है, जो पारंपरिक फसलों की तुलना में अधिक है। यह मॉडल अन्य किसानों के लिए भी मार्गदर्शक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते उपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि ऑर्गेनिक उत्पाद न केवल स्वाद और गुणवत्ता में बेहतर होते हैं, बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी सुरक्षित हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने अपने संबोधन में स्वास्थ्य जागरूकता पर भी बल दिया। उन्होंने समाज से अपील की कि इस अभियान को जनआंदोलन बनाकर हर बेटी को इस सुरक्षा कवच से जोड़ें। समारोह में प्रदर्शनी के प्रतिष्ठित पुरस्कारों की घोषणा भी की गई। जिसमें 'किंग ऑफ रोज' का पुरस्कार अनिमेष श्रीवास्तव को उनकी 'रिवाइवल' किस्म के लिए प्रदान किया गया, जबकि 'क्वीन ऑफ रोज' का पुरस्कार गोपाल अग्रवाल को उनकी 'टॉप सीक्रेट' किस्म के लिए दिया गया। गुलाब की ये उन्नत एवं आकर्षक किस्में प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण रहीं। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद्र गुप्ता, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सालूजा, जिला पंचायत सदस्य संतोष धाकड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, उपसंचालक उद्यानिकी केपीएस किरार एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

### लीपापोती की कार्रवाई और बढ़ते हादसे

# स्टॉपर और टायर के सहारे चल रही शहर की यातायात व्यवस्था

### अवैध कट, अतिक्रमण और बेबस नागरिक



जेल तिराहा, कैन्ट



दशहरा मैदान तिराहा



अंबेडकर चौराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अतिक्रमण हटाने के लिए क्या दुर्घटना होना जरूरी है, जी हां यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि पिछले दिन जब बजरंगगढ़ बाईपास इलाके में एक भीषण दुर्घटना के कारण किशोर को अपनी एक टांग गवानी पड़ी उसके बाद उपजे विरोध के बाद दूसरे दिन प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और आसपास के अतिक्रमण को हटाया (जो कुछ ही दिनों में यथावत हो जाएगा)। सवाल यह उठता है कि क्या वह अतिक्रमण उसके पहले प्रशासन को नजर नहीं आ रहा था और अगर नजर आ रहा था तो क्यों आखिर दुर्घटना को आमंत्रित किया जा रहा था। क्या अब व्यवस्था में सुधार की यही शर्त हो गई है कि पहले दुर्घटना होनी चाहिए उसके बाद ही प्रशासन हरकत में आएगा और देखने को भी मिला जब तक लोग मर नहीं गए तब तक अवैध कट भी बंद नहीं कराए गए।

#### इन्हीं रास्तों से दिन-रात गुजरते हैं साहब भी

शहर में ऐसे ढेरों स्थान है जहां पर अतिक्रमण के कारण दुर्घटना संभावित क्षेत्र बन गये है ,लेकिन प्रशासन है कि आंखों पर पट्टी बांधे हुए है और सबसे बड़ी हैरत की बात तो यह है कि प्रशासन के आला अधिकारी दिन रात उन्हीं रास्तों से गुजर रहे हैं जहां पर लोग असमय मौत के आगोश में समा जाते हैं। शांति का टापू कहलाने वाला गुना हादसों का शहर बन गया है। कौन है इसके लिए जिम्मेदार।

#### कारगर उपाय प्रशासन के पास उपलब्ध नहीं

बैसाखी के सहारे चल रही है शहर की आवा गमन व्यवस्था जहां यातायात संभालने के लिए सड़क पर चौराहों पर स्टॉपर और टायर लगाकर काम चला रहे हैं । इतना ही नहीं जरूरत के मुताबिक इनकी संख्या कम और ज्यादा भी कर दी जाती है या बिल्कुल ही हटा दिए जाते हैं । बाहर भेज देते हैं तब यह व्यवस्था छुट्टा सांड हो जाती है । कुल मिलाकर दुर्घटनाओं से राहत पहुंचाने का कोई भी कारगर उपाय प्रशासन के पास उपलब्ध नहीं है। घटना होने के बाद लोग उग्र हो जाते हैं तो वहीं प्रशासन भी मौके पर पहुंच कर लीपा पोती कर देता है और एक-दो दिन तक इसी तरह का माहौल देखने को मिलता है । चेकिंग भी हो जाती है फिर सब कुछ पुराने ढर्रे पर आ जाता है। और इंतजार होता है फिर से एक नए हादसे का।

## सहायक उपनिरीक्षक उदयपाल सिंह तोमर का सेवानिवृत होने पर माला से स्वागत सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शनिवार को परेड ग्राउंड स्थित गोपाल मंदिर पर से.नि. सहायक उपनिरीक्षक उदयपाल सिंह तोमर का सेवानिवृत होने पर, उनके सम्मान समारोह में,मध्य प्रदेश पुलिस पेंशनर संघ जिला इकाई गुना के, जिलाध्यक्ष राजेंद्रशर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष सत्य प्रकाशवर्मा,मीडिया प्रभारी निरीक्षक ब्रजमोहन कुशवाह अवधेश परिहारव तोमर के परिवारजन व संघ केअन्य सम्माननीय सदस्य उपस्थित हुए।

जिनकी उपस्थिति में संघ के अध्यक्ष एवं कार्यवाहक अध्यक्ष मीडिया प्रभारी व अन्य सदस्यों द्वारा उदय पाल तोमर का माला से स्वागत का सम्मान किया गया । संघ के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा द्वारा संघ के बारे में विस्तार से बतलाया गया ।उपरोक्त समारोह का समापन से .नि. निरीक्षक श्यामसिंह जादौन द्वारा आभार व्यक्त कर किया गया।



## मीनाक्षी हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज लगेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मीनाक्षी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर दलवी कॉलोनी गुना द्वारा अपने स्थापना के 21 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मीनाक्षी मिशन के तहत 2 मार्च सोमवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है ।इस मौके पर शिविर में कई वरिष्ठ विशेषज्ञ इनमें डॉ. बी.एस कुशवाह नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉ एस. के श्रीवास्तव नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. बी. एल कुशवाह जर्नल सर्जन, डॉ. अनमोल बाधवानी स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. कमल मीना हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. नवनीत सिंह कुशवाह दन्त रोग विशेषज्ञ एवं स्वयं डॉ. डी.एस. कुशवाह अस्थि रोग विशेषज्ञ, अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में एक्स-रे जांचे पूर्ण रूप से फ्री रहेगी। यह शिविर मीनाक्षी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर दलवी कॉलोनी गुना में दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। शिविर का शुभांरभ सांसद प्रतिनिधि सुमेर सिंह गढ़ा द्वारा किया जायेगा।



## तिनस्याई में दर्दनाक हादसाः धनिया काटने गए इकलौते बेटे की कुएं में गिरने से मौत

### त्योहार की खुशियां मातम में बदली

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



जिले के म्याना थाना क्षेत्र के ग्राम तिनस्याई में रविवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ खेत पर काम करने गया 17 वर्षीय किशोर कुएं में गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

इस हादसे ने एक हँसते-खेलते परिवार की खुशियाँ छीन ली हैं। दो बहनों के बीच अकेला भाई नीलेश कुशवाह अपने माता-पिता का इकलौता सहारा था, जिसकी मौत से पूरे गाँव में शोक की लहर है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, नीलेश सुबह अपने खेत पर धनिया की फसल काटने गया था। काम के दौरान प्यास लगने पर वह खेत में बने कुएं से पानी लेने पहुँचा। आशंका जताई जा रही है कि कुएं की मुंडेर पर पैर फिसलने के कारण वह अनियंत्रित होकर सीधे नीचे जा गिरा। कुएं में जलस्तर कम होने और भीतर नुकीले पत्थर निकले होने के कारण किशोर के सिर में गंभीर चोट आई। पानी और चोट के कारण उसने कुएं के भीतर ही दम तोड़ दिया।परिजनों ने व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि हादसे के तुरंत बाद एंबुलेंस और डायल-100 को सूचना दी गई थी, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी कोई मदद मौके पर नहीं पहुँची। अंततः परिजन स्वयं के निजी वाहन से लहूलुहान नीलेश को लेकर म्याना अस्पताल भागे। बाद में डायल-100 की मदद से उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। होली के त्यौहार के ऐन वक्त पहले हुए इस वज्रपात से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। म्याना पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

## औषधि पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

संचालनालय आयुष विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह गनावे के मार्गदर्शन में आज ई दक्ष केंद्र गुना में ई औषधि पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के समस्त आयुष चिकित्सा अधिकारी एवं औषधालय प्रभारी उपस्थित रहे ।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर डॉ. अंकेश अग्रवाल एवं डॉ. आकांक्षा गुप्ता ने ई-औषधि सॉफ्टवेयर संचालन की तकनीकी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। प्रतिभागियों को औषधीय की ऑनलाइन एंट्री, स्टॉक प्रबंधन, वितरण प्रक्रिया, मांग पत्र ऑनलाइन प्रेषण तथा स्टॉक अद्यतन की संपूर्ण प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि अब आयुष विभाग अंतर्गत औषधियों का दाखिला, वितरण, स्टॉक अद्यतन एवं मांग पत्र प्रेषण जैसे सभी कार्य ई औषधि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन संपादित किए जाएंगे। इससे औषधि प्रबंधन प्रणाली में पारदर्शिता समयबद्धता एवं कार्य कुशलता सुनिश्चित होगी तथा दवाओं की उपलब्धता पर सतत एवं प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी ।जिला आयुष अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह गनावे ने बताया कि यह प्रशिक्षण आयुष सेवाओं के डिजिटलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, डिजिटल प्रणाली के माध्यम से विभागीय कार्य प्रणाली अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनेगी। इससे न केवल प्रशासनिक कार्य में गति आएगी बल्कि आमजन को बेहतर और समय पर आयुष सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।



### पर्व के अवसर पर विशेष यातायात व रूट डायवर्सन व्यवस्था लागू रहेगी

# होली पर शहर के चप्पे-चप्पे पर रहेगा कड़ा पहरा, हुड़दंगियों पर होगी कठोर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना होली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्द्रपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने हेतु जिले भर में व्यापक एवं बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है । पुलिस प्रशासन द्वारा नागरिकों की सुरक्षा, शांति व्यवस्था एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु व्यापक प्रबंध किए गए हैं । पुलिस का प्राथमिक उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक, परिवार एवं बच्चे सुरक्षित माहौल में रंगों का यह पावन पर्व मना सकें तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, दुर्घटना या असामाजिक गतिविधि को पूर्णतः रोका जा सके । 2 मार्च को होलिका दहन, 3, 4 मार्च को धुलेंडी तथा 8 मार्च को रंगपंचमी के अवसर पर जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाएगी । पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक लेकर स्पष्ट रूप से कहा गया है कि कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा । इस दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना, अव्यवस्था या असामाजिक गतिविधि की स्थिति उत्पन्न न हो । इस हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं -



#### बसों हेतु विशेष रुट डायवर्जन व्यवस्था

गुना–ग्वालियर–शिवपुरी मार्ग की बसें जज्जी बस स्टैंड चिंताहरण मंदिर मार्ग हाईवे बायपास रोड से होकर संचालित होंगी । ब्यावरा–इंदौर–भोपाल मार्ग की बसों के लिए भी यही मार्ग निर्धारित रहेगा । यह व्यवस्था प्रभावी रहेगी:02 मार्च को शाम 18:00 बजे से रात्रि 24:00 बजे तक । 03 मार्च को प्रातः 08:00 बजे से सायं 16:00 बजे तक । 04 मार्च को प्रातः 08:00 बजे से सायं 16:00 बजे तक ।

**भारी वाहनों की शहर में एंट्री पूर्णतः प्रतिबंधित** प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 23:00 बजे तक सभी प्रकार के भारी वाहन केवल **NH**-46 बायपास से ही गुजरेंगे । उक्त समयावधि में शहर के भीतर भारी एवं लोडिंग वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा । इस व्यवस्था का उद्देश्य शहर के अंदर भीड़ एवं दुर्घटनाओं की संभावनाओं को न्यूनतम करना है । **प्रशासन का स्पष्ट संदेश-** पुलिस अधीक्षक श्री अंकित सोनी की जिलेवासियों से अपील है कि होली रंगों, प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का पर्व है । इसे गरिमा एवं मर्यादा के साथ मनाया जाए । किसी की इच्छा के विरुद्ध रंग न लगाया जाए तथा विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखा जाए ।

#### विशेष सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था

**1-व्यापक पुलिस तैनाती एवं गश्त व्यवस्था-** शहर एवं ग्रामीण अंचलों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती । संवेदनशील, भीड़भाड़ एवं संभावित विवादित स्थलों की पूर्व पहचान । मोबाइल पेट्रोलिंग एवं डायल-100 वाहन 24*7 निरंतर गश्त पर रहेंगे । प्रमुख चौराहों एवं बाजार क्षेत्रों में स्थाई पुलिस पिकेट की स्थापना ।

**2-शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर विशेष अभियान-** जिलेभर में सघन चेकिंग अभियान संचालित किया जाएगा । ब्रेथ एनालाइजर (एल्कोहॉल मीटर) से जांच कर वैधानिक कार्यवाही । होटल, ढाबों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से शराब सेवन/विक्रय पर कार्रवाई । नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चालानी एवं आपराधिक प्रकरण दर्ज ।

**3-हुड़दंग, स्टंटबाजी एवं यातायात उल्लंघन पर जीरो टॉलरेंस नीति-** तीन सवारी, तेज रफ्तार, रेसिंग एवं स्टंट करने वालों पर सख्त कार्यवाही । जबरन रंग लगाने, महिलाओं/बच्चों से अभद्रता करने वालों पर तत्काल कानूनी कार्यवाही । सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध करने या शांति भंग करने वालों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज । डीजे, लाउडस्पीकर आदि का उपयोग निर्धारित मानकों के अनुसार ही ।

**4-सीसीटीवी, ड्रोन एवं सोशल मीडिया मॉनिटरिंग-** प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी के माध्यम से सतत निगरानी । आवश्यकता अनुसार ड्रोन कैमरों से भी निगरानी । सोशल मीडिया पर अफवाह, भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर साइबर सेल की विशेष नजर । सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले तत्वों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही ।

## समाचार संक्षेप

### न्यू सनराइज आईसीएसई स्कूल में बाल मेले का रंगारंग आयोजन, वितरित किए पुरस्कार

चांचौड़ा। नगर बीनागंज के न्यू सनराइज आईसीएसई स्कूल में रविवार को बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व व वर्तमान छात्र-छात्राएँ, उनके अभिभावक तथा नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने मनमोहक डांस प्रस्तुतियाँ और नुक्कड़ नाटक पेश किए, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। विद्यालय परिसर में लगे बाल मेले में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए, जो आकर्षण का केंद्र रहे। बाल मेले में बच्चों के साथ







आए परिजनों ने हॉरर शो का भी भरपूर आनंद लिया, वहीं बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अनुविभागीय अधिकारी रवि मालवीय, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मनोज झा तथा नायब तहसीलदार कुलदीप सिंह जादौन उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया।कार्यक्रम में विभिन्न ग्रुपों द्वारा प्रस्तुतियाँ दी गईं—लक्ष्मी एवं भूमिका ग्रुपउन्नति, आराम एवं ग्रुप तिरंगा (गीत)जानवी ग्रुप (गीत)छोटा बच्चा और मैं (गीत)मीतांशी ग्रुप – "गलती से मिस्टेक" गीतसमापन पर विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों, अभिभावकों एवं सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

### होली के पावन पर्व पर गौड़ बाबा मंदिर पर संजोग गार्डन के सामने काव्य गोष्ठी हुई संपन्न

गुना। चेतना साहित्य एवं कला परिषद गुना द्वारा होली के पावन पर्व पर संजोग गार्डन के सामने स्थित गौड़ बाबा मंदिर पर सरस काव्य गोष्ठी वरिष्ठ कवि विष्णु साथी की अध्यक्षता,संत श्रीनिवास शर्मा के मुख्य आतिथ्य तथा संत बलराम



दास के विशेष आतिथ्य और पंडित जवाहरलाल द्विवेदी पूर्व अध्यक्ष विश्व गीता प्रतिष्ठानम के सारस्वत आतिथ्य में सम्पन्न हुई। प्रथम सत्र में संचालन करते हुए प्रेम सिंह प्रेम ने सभी कवियों का परिचय दिया और मंदिर समिति द्वारा सभी कवियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया वहीं कवियित्रियों को पुष्प गुच्छ भेंट किए गए। सभी अतिथियों को भी पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया सभी अतिथियों ने मां सरस्वती देवी के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। दूसरे सत्र का संचालन युवा गीतकार सुनील शर्मा चीनी ने संचालन किया । सर्वप्रथम कीर्ति मोरोलिया ने मधुर कण्ठ से सरस्वती वंदना का गायन किया। संचालन करते हुए सुनील शर्मा चीनी ने होली केऊपर अपने विचार यूं व्यक्त किए पेड़ पलाश के दहक रहे हैं फागुन में बाग आम के महक रहें हैं फागुन में।महुये ने मदमाते स्वर में कहा। बूढ़े भी अब बहक रहे हैं फागुन में। वरिष्ठ कवि विष्णु साथी ने कहा नजर बचाकर नजर मिलाना होली में पागल मन को क्या समझाना फागुन में।इतनी भी कंजूसी करना ठीक नहीं, कुछ न कुछ तो दो नजराना फागुन में। कवियत्री श्रीमती संतोष ब्रह्मभट्ट ने होली पर अपने विचार इस तरह प्रकट किये रंग बिरंगी लाल गुलाबी कितनी सुंदर होली, गोपी किशन सी दौड़ रही नन्हें मुन्नों की टोली। कितनी निर्मल कितनी पावन करें इक दूजे से बरजोरी, गोपी किशन सी लगती है नन्हें मुन्नों की जोड़ी।शायर प्रेम सिंह प्रेम ने कहा कैसी कसमें कैसे वादे फागुन में,लगते नहीं है नेक इरादे फागुन में।जानें कैसी महकी महकी हवा चली,बहक गए हैं सीधे साधे फागुन में।गीतकार हरीश सोनी ने बताया कि होली का त्यौहार रंगीला साजन आया है , फागुन की मादक बयार ने मन सरसाया है। कीर्ति मोरोलिया ने मां के ऊपर अपने भावों को इस तरह प्रकट किया विशाल सौम्य, स्वभाव में हमारी मां का रूप है, हमारी मां प्यार और शक्ति का स्वरूप है। उमाशंकर भार्गव ने होली के पावन पर्व पर पानी के महत्व को समझाते हुए कहा पानी तो अनमोल है इसे न व्यर्थ बहायें, गुलाल अबीर लगाकर ही होली का पावन पर्व मनाये धर्मवीर सिंह ने कहा देखी फूलों की सुंदरता महका महका प्यार कहां है, ढूंढ ढूंढ कर हम तो हारे बचपन जैसा यार कहां है। रामवीर शर्मा ने जीवन के ऊपर अपने भावों को यूं व्यक्त किए बहुत चुग लिया दाना पानी अब चलने की तैयारी कर।

# पूर्व सीएम के जन्मदिवस पर पत्रिका का किया विमोचन

- राजा बलभद्र सिंह स्टेडियम में मनाया गया दिग्विजय सिंह का जन्मदिन विधायक जयवर्धन सिंह रहे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन




दिग्विजय सिंह (राजा साहब) के जीवन चरित्र एवं उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल की स्मृतियों पर आधारित एक रंगीन पत्रिका ₹व्यक्ति नहीं व्यक्तित्व" का विमोचन जन्मदिन के उपलक्ष्य में भव्य समारोह के बीच किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजा बलभद्र सिंह स्टेडियम में हुआ,जहां बड़ी संख्या में क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस जनों एवं युवाओं की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामय बना दिया। विगत दिनो से चल रहे ₹मां आशादेवी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट₹ की समापन बेला में इस विशेष पत्रिका का विमोचन विधायक जयवर्धन सिंह द्वारा किया गया।आरोन के सभी बार्डों के खिलाड़ियों के खेल की प्रशंसा की! उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मेरे पिता दिग्विजय सिंहजी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा और प्रेरणा का स्रोत हैं। उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल की अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां और जनहितकारी निर्णय आज भी प्रदेश की राजनीति में मिसाल के रूप में याद किए जाते हैं।पत्रिका में दिग्विजय सिंह के सार्वजनिक जीवन, संघर्ष, जनसेवा, संगठन निर्माण और मुख्यमंत्री रहते हुए लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों की झलकियों को रंगीन और आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया गया है। इसमें उनके साथ लंबे समय तक कार्य करने वाले वरिष्ठ जनों के संस्मरण भी शामिल हैं, जो उनके नेतृत्व, सरलता और दूरदर्शिता को उजागर करते हैं।कार्यक्रम में दिग्विजय सिंह के साथ वर्षों तक कार्य कर चुके वरिष्ठजन, समाज के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। युवाओं ने उनके जीवन से प्रेरणा लेने और जनसेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प व्यक्त किया।इस पत्रिका का प्रकाशन ₹दिग्विजय मित्र मंडल-आरोन₹ द्वारा कराया गया! पत्रिका को एक स्मरणीय और संग्रहणीय रूप देने का प्रयास किया गया है। आयोजन ने न केवल जन्मदिन को विशेष बनाया, बल्कि एक प्रेरणादायक राजनीतिक जीवन की झलक भी प्रस्तुत की।इस अवसर पर वरिष्ठ नेता इफ्तिखार हुसैन भाईजान, पंडित रामबाबू शर्मा, मेहरबान सिंह धाकड़,मिंटू लाल जैन, अरविंद श्रीवास्तव, ओमवीर सिंह रघुवंशी, हरिसिंह देवरी, भानू सिंह यादव,गजानन्द पटेल,आबिद खान, रामदयालजी शास्त्री, विष्णु प्रसादजी दुबे, नगर परिषद अध्यक्ष अरुण शैलेश जैन, उपाध्यक्ष राजीव रघुवंशी, जनपद प्रतिनिधि रामलला यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार,गोपाल सोनी, अजय दुबे, मूलचंद भोहरे, रामेश्वर साहू, तीरथ अहिरवार, मसूक जेन, फारूक बेग,आबिद खान, खुर्रम खान, लोकेंद्र रघुवंशी,शिवकुमार उपरिंग,डॉ. युवराजशर्मा, गौतम रघुवंशी सराई, सुरेंद्र रघुवंशी पनवाड़ी,योगेश शर्मा, राहुल रघुवंशी सराई,मनोज शर्मा, मनीष जैन, कमल प्रजापति ,शकील खान, सहित सेवादल, नगर के कांग्रेसी पार्षद गण व सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे!

### 19 से आरोन नगर में निकलेगी डुंडी यात्रा, नौ दिन तक नगर का भ्रमण करेंगे हनुमानजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

नगर में प्राचीन समय से चली आ रही आस्था और श्रद्धा की प्रतीक डुंडी यात्रा इस वर्ष 19 मार्च से प्रारंभ होगी। हर साल चैत्र नवरात्र के अवसर पर आयोजित होने वाली यह विशेष यात्रा नगरवासियों की गहरी धार्मिक भावनाओं से जुड़ी हुई है।परंपरा के अनुसार, चैत्र नवरात्र के नौ दिनों तक हनुमान जी की मूर्ति श्रद्धालु अपने सिर पर विराजमान कर गाजे-बाजे के साथ नगर के विभिन्न मार्गों से यात्रा निकालते हैं।

पूरा नगर भक्ति भाव में डूब जाता है और जगह-जगह श्रद्धालु आरती एवं पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत करते हैं।इस संबंध में आरोन नगर के बमुरिया तालाब के समीप गणेश मंदिर पर एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें गणमान्य नागरिकों एवं आयोजकों ने भाग लिया। बैठक में चैत्र नवरात्र के दौरान निकलने वाली डुंडी यात्रा की रूपरेखा, व्यवस्थाएं, सुरक्षा एवं मार्ग निर्धारण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।आयोजकों ने बताया कि यात्रा नगर की सुख-समृद्धि और शांति के लिए निकाली जाती है तथा यह परंपरा वर्षों से श्रद्धापूर्वक निभाई जा रही है। दसवें दिन निकलेगा रथनौ दिवसीय यात्रा के पश्चात दसवें दिन भव्य रूप से रथ निकाला जाएगा, जो इस धार्मिक आयोजन का विशेष आकर्षण रहता है। रथ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भगवान के दर्शन करते हैं और नगर में उत्सव जैसा माहौल बन जाता है।नगरवासियों में इस वर्ष की डुंडी यात्रा को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर यात्रा को सफल बनाने की अपील की है।डुंडी यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह एकता का भी जीवंत उदाहरण है।

## आरोन में शांतिनाथ मंदिर का वर्षगांठ महोत्सव उत्साह के साथ मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

स्थानीय आरोन जैन समाज द्वारा प्रति वर्षानुसार की भांति इस बार भी शनिवार को श्री शांतिनाथ दि.जैन मंदिर की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री शांतिनाथ मंदिर में प्रातः शांतिनाथ भगवान की शांतिधारा एवं महा मस्तिकाभिषेक किया गया एवं रथयात्रा निकाली गई जो नगर के विभिन्न स्थानों से होते हुए वर्धमान कॉम्पलेक्स पहुंची जहां पर सभी को वात्सल्य भोज कराया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह भी शामिल हुए। जैन समाज अध्यक्ष विजय डोडिया, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन एवं समाज जनों ने श्री सिंह का स्वाफा बांधकर स्वागत किया गया।

## संगठन गढ़े चलो, सुपंथ पर आगे बढ़ो, भाजपा का 'पंडित उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान–2026' गुना में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा




चाचौड़ा भारतीय जनता पार्टी जिला गुना द्वारा आयोजित "पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान–2026" के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राजेन्द्र सिंह भाईसाहब तथा पोहरी के पूर्व विधायक एवं संभागीय कार्यशाला संयोजक नरेन्द्र बिरथरे भाईसाहब ने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।कार्यशाला के स्वागत सत्र में राजेन्द्र सिंह राजपूत भाईसाहब एवं समापन सत्र में नरेन्द्र बिरथरे जी भाईसाहब द्वारा संगठन को सशक्त बनाने, कार्यकर्ता प्रशिक्षण तथा आगामी दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।इस अवसर पर भाजपा गुना जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार , गुना विधायक पन्नालाल शाक्य , गुना नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता गुप्ता , संभागीय कार्यशाला टोली सह-संयोजक मधुसूदन भदौरिया , कार्यशाला संयोजक एवं जिला महामंत्री रविन्द्र रघुवंशी , जिला महामंत्री संतोष धाकड़ , चंद्रप्रकाश अहिरवार , कार्यशाला सह-संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष सुशील दहिफले , जिला उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह 'निक्की' , शिवपाल परमार , कार्यशाला संयोजक एवं जिला मंत्री कुसुमलता कुशवाह , किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध मीणा , मृगवास मंडल अध्यक्ष राजाराम गुर्जर , तेलीगांव मंडल अध्यक्ष अंकित शर्मा , पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्रम मीणा एवं डाल सिंह , किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि सत्यपाल चौहान , जिला मंत्री युवा मोर्चा रामनिवास मीणा , वरिष्ठ कार्यकर्ता सीताराम बैरागी , बाबूलाल मीणा , नारायणपुरा के गोलू शिवहरे सहित जन-प्रतिनिधि, वरिष्ठजन, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कबाड़ से जुगाड़ में ईको क्लब के विद्यार्थियों का अनूठा प्रदर्शन






हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

शासकीय महाविद्यालय सहराई में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ईको क्लब द्वारा वेस्ट से बेस्ट थीम पर पर्यावरण हितैषी स्वनिर्मित वस्तुएँ बना कर प्रदर्शनी लगे गई। प्रदर्शनी का आयोजन ईको क्लब पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को), भारतीय ज्ञान परम्परा, रासेयो तथा आईक्यूएएस के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। उल्लेखनीय है कि यह प्रदर्शनी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर लगायी गई ।

प्रदर्शनी का आयोजन नवीन भवन परिसर में किया गया। जिसमें छात्र/छात्राओं ने उत्साह दिखाते हुए बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रतिभागियों ने पत्तियों, लकड़ियों, टहनियों, कागज,गत्ता, कार्ड बोर्ड, मिट्टी के साथ साथ कबाड़ की वस्तुओं का उपयोग कर पर्यावरण हितैषी विभिन्न कलात्मक अभिकृतियाँ जिनमें मिट्टी के बर्तन, फूलदान, खिलौने घर, खेत-खलिहान, जंगल, कागज के फूल, घर, कलमदान, लिफाफा, थैले, फोटो फ्रेम, डस्टबिन, खिलौने, सजावटी सामान आदि को सुंदर तरीके से बनाकर प्रदर्शित किया। कुछ प्रतिभागियों ने लकड़ी की सामग्री जैसे फूलदान, कलमदान, गुलदस्ता आदि को प्रदर्शित किया। प्रतिभागियों के द्वारा सौर ऊर्जा, वाटर हार्विस्टिंग, वर्मी कम्पोस्ट, वाटर प्यूरीफिकेशन, मोडल ओन एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन, वाटर डिस्पेंसर, चावल का उपयोग करते हुए भारत का नक्शा, प्रदूषण का मोडल, जैविक खेती, पशुपालन आदि से सम्बंधित मॉडल का प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात निणार्यक मंडल में वरिष्ठ शिक्षक नरहरी शर्मा, अखिलेश मार्कन, श्रवण पुस्प्द्धा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अतुल गुप्ता, ईको क्लब प्रभारी डॉ. अंजू सिहारे एवं आशा शर्मा, डॉ संध्या अहिरवार, निर्मल सिंह मटसेनिया द्वारा प्रदर्शित सामग्री का अवलोकन कर विजेताओं का चयन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नरहरी शर्मा एवं अखिलेश मार्कन ने पर्यावरण के महत्व और आवश्यकता को रेखांकित किया। प्रदर्शनी में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का चयन कर लिया गया, जिन्हें समापन कार्यक्रम में प्रमाणपत्र एवं शील्ड देकर किया जायेगा। प्रदर्शनी आयोजित कराने में ईको क्लब के सभी सदस्यों की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर कार्यक्रम की समस्त रुपरेखा ईको क्लब प्रभारी डॉ.अंजू सिहारे ने रखी।

### साइबर ठगी के मामले में बंगाल पुलिस ने विदिशा से आरोपी को किया गिरफ्तार

विदिशा। साइबर ठगी के बड़े नेटवर्क से जुड़े मामले में पश्चिम बंगाल पुलिस ने विदिशा से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर ऑनलाइन ठगी की रकम निकालने में भूमिका निभाने का आरोप है। कार्रवाई के दौरान विदिशा पुलिस भी मौजूद थी। यह मामला पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले के सालतोड़ा थाने में दर्ज साइबर धोखाधड़ी से संबंधित है। जांच में सामने आया कि पीड़ित से ठगी गई रकम का लेन-देन विदिशा से जुड़ा हुआ है। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली कि ठगी की राशि विदिशा के एक ऑनलाइन सेंटर के माध्यम से निकाली गई। पश्चिम बंगाल पुलिस की जांच में यह खुलासा हुआ कि विदिशा के पेड़ी चौराहे के एक युवक ने कथित तौर पर ऑनलाइन सेंटर के जरिए रकम निकाली थी। जब पुलिस ने लेन-देन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे, तो वह संतोषजनक कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद बांकुरा पुलिस ने विदिशा पुलिस के सहयोग से आरोपी बसीम खान को हिरासत में ले लिया। उसे न्यायालय में पेश किया गया।

### पेयजल के लिए दी सुविधा

## समस्या से निपटने विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने टैंकर उपलब्ध कराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरई



विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकरे ने बताया की पिपरई नगर परिषद को मुंगावली विधानसभा के विधायक राव बृजेंद्र सिंह यादव के द्वारा पानी के टैंकर 3 उपलब्ध किये जिससे कि क्षेत्र की जनता को गर्मी के मौसम में जल की समस्या होने लगती है जिसको ध्यान में रखते हुए हमारे विधायक साहब ने हमारी परिषद के लिए यह टैंकर उपलब्ध कराए हैं जिससे कि जल समस्या मुक्ति मिल सके। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि मैं बहुत सौभाग्यशाली हूं जो की हमारी क्षेत्र की जनता के लिये येसे विधायक साहब मिले हैं। कि अवगत भी नहीं करना पड़ता उसके पहले ही वह क्षेत्र की जनता के लिए हर समय यथा संभव समस्या से निपटने के लिए तैयार रहते हैं। वह हर वर्ग के लिए एवं हर क्षेत्र में जो भी उनके द्वारा यथासंभव प्रयास रहते हैं चाहे वह शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना हो चाहे स्वास्थ्य विभाग को लेकर तत्पर रहना हर समस्या के लिए हमारे क्षेत्रिय विधायक 24 घंटे अपनी विधानसभा में जागरूक बने रहते हैं। मैं विधायक का हमारे क्षेत्र की जनता की ओर से आभार व्यक्त करता हूं। की बह हमेशा ऐसे ही निस्वार्थ भाव से क्षेत्र की जनता की सेवा में लग रहे।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में 110 करोड़ की सड़कों को मंजूरी

# 190 किमी सड़कों का होगा निर्माण 124 बसाहटों को मिलेगा सीधा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 के अंतर्गत बड़े पैमाने पर सड़क निर्माण कार्यों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई है। जिले के सिरोंज, लटेरी, कुरवाई और नटेरन विकासखंडों में कुल 190 किलोमीटर लंबाई की सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इन कार्यों की अनुमानित लागत लगभग 110 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है। सभा में उपस्थित सदस्यों ने जिले के समग्र विकास और ग्रामीण कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दृष्टि से प्रस्ताव का समर्थन करते हुए इसे सर्वसम्मति से पारित किया। इससे जिले की 124 से अधिक बसाहटों को सीधा लाभ मिलेगा। बेहतर सड़क संपर्क से शिक्षा, स्वास्थ्य व बाजार पहुंच आसान होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### 33 लाख की सड़क का विधायक, नपाध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों ने किया लोकार्पण

विदिशा। बस स्टैंड क्षेत्र में 33 लाख की लागत से निर्मित सीसी रोड का विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा एवं वार्ड पार्षद कंचन तीरथ प्रताप सिंह दरबार ने शनिवार को लोकार्पण किया। इस अवसर पर पार्षद शैलेंद्र सिरभैया, अखिलेश राजपूत, सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर मौजूद रहे।

### राजमाता माधवी राजे सिंधिया की स्मृति में प्रतियोगिता आयोजित

# सेमीफाइनल व फाइनल के विजेताओं को किया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

चंदेरी के क्राफ्ट विलेज प्राणपुर रामबाग स्टेडियम में सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच खेला गया । सेमी फाइनल विक्की 11 एवं 28 ए टू ज गुना द्वारा खेला गया जिसमें ए टू ज गुना द्वारा टॉस जीत गया और फील्डिंग करने का निर्णय लिया। विक्की 11 ने पहले खेलते हुए 12 ओवर में 112 रन बनाए जिसमें सबसे अधिक रन 35 बॉल में 51 रन राहुल रानीपुर द्वारा बनाए गए। जवाब में ए टू ज गुना द्वारा 11 ओवर में मैच जीत लिया और फाइनल में प्रवेश किया जिसमें सबसे अधिक रन 20 बॉल में आशू यादव ने 59 रन की विजेता पारी के लिए आशू यादव गुना को मैन ऑफ द मैच दिया गया। फाइनल मुकाबला सौरभ 11 अशोकनगर एवं ए टू ज गुना द्वारा खेला गया जिसमें सौरभ 11 अक्टूबर ने टॉस जीता और पहले फील्डिंग करने डाल लिया ए टू ज गुना ने पहले खेलते हुए निर्धारित 15 ओवर में 142 रन की पारी खेली जिसमें रवि यादव नेतीन ओवर में 16 रन देकरकर तीन विकेट लिए सौरभ 11 अशोकनगर ने खेलते हुए 13 ओवर में मैच जीत लिया जिसमें सतीश ने धुआंधार पाली के लिए और 18 बॉल में 54 रन की परी के लिए एक चैका और 7 चाको की मदद से 54 रन बनाए स्वर इलेवन अशोकनगर में जीत लिया। उक्त मैच में रवि यादव को मैन ऑफ द मैच दिया गया। मलकी सिंह संधू पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा विजेता टीम को 15555 5 रुपए का चेक दिया गया। उपविजेता टीम को 77777 जितेंद्र कोठारी कॉलोनाइजर द्वारा चेक दिया गया। तृतीय पुरस्कार मैन ऑफ़ द सीरीज इलेक्ट्रिक



स्कूटी विजयसिंह यादव कॉलोनाइजर अशोकनगर द्वारा दी गई। मैच का फाइनल मैच देखने अनुविभागी अधिकारी मनीष धनगर एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मलकीत सिंह संधू चंदेरी क्रिकेट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह संधू हरदीप सिंह सरपंच शंकरपुर प्रताप भानु सिंह यादव जनपद अध्यक्ष अशोकनगर मदन खटीक पार्षद चंदेरी उदय प्रताप सिंह चैहान सोना कुली अरुण सोमानी नगर पालिका उपाध्यक्ष बबलू सहारे जिला मंत्री सोना कोली रामकिशोर पटेरिया आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बहादुरपुर निवासी रजनी अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति गोलू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमोला निवासी नेहा जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति उमेश जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी अरूण शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विनोद शर्मा ने पुरानी रंजिस पर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अज्ञात नवजात शिशु का शव मिला

**अशोकनगर।** जिले के कोतवाली थाने के अंतर्गत ओम कॉलोनी अशोकनगर में अज्ञात एक नवजात शिशु मृत अवस्था में पाया गया है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### बाईक ट्रक से टकराई

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत चंदेरी मुंगावली रोड पर मंडी गेट के सामने एक अज्ञात ट्रक ड्रायवर ने अचानक से ट्रक को ब्रेक लगा दिए जिससे फरियादी की बाईक ट्रक से टकरा गई। जिससे बाईक क्षतिग्रस्त हो गई और ट्रक चालक अपने वाहन को भगा ले गया। पुलिस ने बंसत श्रीवास्तव निवासी भोपाल की रिपोर्ट पर से अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### जहरीली दवा खाने से महिला की मौत

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत देवी पुत्री उमा आदिवासी उम्र 18 साल निवासी फतेहाबाद चंदेरी ने गेहूं में रखी चूहा मार दवा का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के ईसागढ थाने की पुलिस ने ग्राम ओडेला निवासी तेज सिंह केवट के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के ईसागढ पुलिस ने ग्राम ओडेला निवासी लीलाबाई आदिवासी के पास से 7 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की नईसरायं पुलिस ने सतीश सिंह प्रजापति निवासी नईसरायं के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की मुंगावली पुलिस ने भांतपुरा निवासी जानकीबाई सांसी के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन


**पिपरई।** रविवार को जे.सी.आई ग्रुप अशोकनगर द्वारा जिला अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 18 लोगों के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा करने का संकल्प लिया। साथ ही जे.सी.आई. ग्रुप अशोकनगर के अध्यक्ष श्याम गुप्ता द्वारा संकल्प लिया गया कि हम प्रतिवर्ष मानव सेवा हेतु रक्तदान करेंगे। उक्त स्वैच्छिक रक्तदान में डॉ. संदीप जैन ब्लड सेन्टर प्रभारी एवं उनकी टीम द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया।

### नाबालिग बालिका को 4 घंटे में किया दस्तयाब

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान के मार्गदर्शन में थाना थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि नीलम सिंह यादव द्वारा नावालिग बालिका को 04 घण्टे में दस्तयाव करने में सफलता प्राप्त की । उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को फरियादी नें अपनी बालिका उम्र 16 साल के घर से बिना बताये कही चले जाने एंव अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपनी बालिका को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने की थाने पर रिपोर्ट की थी। उक्त रिपोर्ट पर से थाना बहादुरपुर में धारा 137(2) बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

### स्व. जनकदुलारी धार्मिक प्रवृत्ति और संस्कारवान व्यक्तित्व के लिए जानी जाती थीं: सीएम

# मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री ने हितानंद शर्मा की माताजी के निधन पर श्रद्धा सुमन किए अर्पित







**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रविवार को जिला अशोकनगर की तहसील नईसराय के ग्राम मढ़ी महिदपुर पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हितानंद शर्मा की परम पूज्यनीय माताजी स्व. जनकदुलारी शर्मा के निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिवंगत पुण्य आत्मा की शांति के लिए बाबा महाकाल से प्रार्थना कर श्री चरणों में स्थान देने की कामना की।

उन्होंने शोक संतृप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। परम पूज्यनीय जनकदुलारी शर्मा का निधन मंगलवार को भोपाल में हुआ था। उनका अंतिम संस्कार पैतृक ग्राम जिला अशोकनगर की तहसील नईसराय के ग्राम मढ़ी महिदपुर में किया गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि स्वर्गीय जनकदुलारी शर्मा धार्मिक प्रवृत्ति, सादगीपूर्ण जीवन एवं संस्कारवान व्यक्तित्व के लिए जानी जाती थी। उन्होंने समाज एवं परिजनों को सामाजिक मूल्यों ,राष्ट्र भावना और सेवा संस्कारों से प्रेरित किया था। स्वर्गीय जनकदुलारी को बच्चा-बच्चा अम्मा राधे राधे कहकर पुकारते थे। अम्मा का जाना एक अपूर्णीय क्षति है, जिसकी भरपाई होना संभव नहीं है। अम्मा का जीवन धार्मिक स्थल मथुरा, वृंदावन से काफी लगाव रहा, उनका हमेशा आना-जाना लगा रहता था। उन्होंने अपने परिवार का निर्वहन पूर्ण रूप से किया था। उन्होंने कहा कि जनकदुलारी शर्मा के अस्वस्थ होने पर में ग्राम मढ़ी महिदपुर पहुंच कर स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना था। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भाजपा एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने जनकदुलारी शर्मा के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर पुण्य आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की।

#### उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने स्वर्गीय जनकदुलारी शर्मा को दी श्रद्धांजलि

इसी प्रकार प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ग्राम मढ़ी महिदपुर पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हितानंद शर्मा की माताजी स्व.जनकदुलारी शर्मा के निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उप मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर शोक संतृप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। इस अवसर विधायक चंदेरी जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, विधायक मुंगावली बृजेन्द्र सिंह यादव ,भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी सहित आयुक्त ग्वालियर संभाग मनोज खत्री, आईजी अरविन्द सक्सेना,कलेक्टर साकेत मालवीय,पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बडी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।



### थाना बहादुरपुर ने सट्टा के आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अशोकनगर।** रविवार को थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि नीलम सिंह यादव द्वारा सट्टा के आरोपियो को पकडने में सफलता प्राप्त की है । उल्लेखनीय है कि थाना बहादुरपुर अंतर्गत सट्टा की सूचना पर थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि नीलम सिंह यादव तत्तपरतापूर्वक अपनी टीम के साथ रवाना होकर ग्राम इकोदिया हार में पहुचे जहां काफी लोग इकटटे बैठे दिखे उक्त व्यक्तियों को फोर्स की मदद से पकडने की कोशिश करने पर 8-10 लोग पुलिस को देखकर भाग गये एवं सटटा पर्ची काटते हुये शिवनरायण पिता माधोदास बैरागी उम्र 58 साल निवासी इकोदिया एवं झलकन पिता अमोला अहिरवार उम्र 40 साल निवासी बरखेडा जमाल को पकडा गया उक्त दोनो की तलाशी लेने पर जेब से एक एक सटटा अंक लिखे कटटा एवं 1280 रुपये नगदी ,दो मोबाइल एवं 10 कोरे सटटा काटने के कटटा एवं एक प्रिन्टेड छपा हुआ सटटा रिकार्ड, आरोपीगणो तथा घटना स्थल से 12 नग मोटरसाइकिल जप्त की कुल मशरूका कीमती करीबन 05 लाख का जप्त किया गया है।

### करीला मेले में बढ़ेगी मुसीबत

## शाढ़ौरा फाटक पर ऊबड़-खाबड़ रास्ता, धूल व दुर्घटना का खतरा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा**

लोगों की सुविधा के लिए किया जा रहा विकास कई बार उनकी दुविधा बन जाता है। कभी घटिया निर्माण तो कभी निर्माण की धीमी चाल से परेशानी बढ़ती है। गुना-अशोकनगर मार्ग पर शाढ़ौरा रेलवे फाटक के साथ ही हुआ है। इसका निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा नहीं हुआ, जिसका खामियाजा लोग भुगत रहे हैं। अब करीला मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी यह मुसीबत बनेगा।

उल्लेखनीय है कि रेलवे ब्रिज पिछले दो वर्षों से कछुआ चाल में चल रहा है। बार-बार विवादों में उलझने के कारण निर्माण की गति बेहद धीमी है, जिससे पुल के नीचे की सड़क आधे-अधूरे काम के कारण बदहाल हो चुकी है। पिलरों की खुदाई से सड़क धूल से भर गई है और ऊबड़-खाबड़ हो गई है, जिससे वाहन चालकों और पैदल राहगिरों को भारी परेशानी हो रही है। पुल के नीचे से गुजरते समय वाहन चालकों को दुर्घटना का सतत अंदेशा बना रहता है। दोनों ओर दो-दो मार्ग उपलब्ध होने के बावजूद दोनों रास्ते बुरी तरह खराब हैं। धूल उड़ने से दृश्यता कम हो जाती है और छोटे वाहन तथा पैदल यात्रियों को सबसे अधिक मुश्किल होती है। पुल के एक छोर से निर्माण शुरू हुआ था, लेकिन अब तक आधा भी पूरा नहीं हो पाया है।

दो दिन बाद करीला धाम में रंगपंचमी मेला शुरू होने जा रहा है, जिसमें चार दिनों तक हजारों वाहनों की आवाजाही होगी। मेले के दौरान इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों की संख्या कई गुना बढ़ जाएगी, जिससे ऊबड़-खाबड़ रास्ते और धूल के कारण दुर्घटना की आशंका और भी बढ़ जाएगी। इससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को भी परेशान उठानी पड़ेगी। स्थानीय नगरवासियों और नियमित राहगिरों ने निर्माण कंपनी से पुल के नीचे की सड़क को तत्काल दुरुस्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि मेले से पहले कम से कम अस्थायी स्तर पर सड़क को समतल किया जाए, गड्ढों को भरा जाए और धूल को नियंत्रित करने के लिए पानी का छिड़काव किया जाए, ताकि मेले के दौरान बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

## राहुल गांधी से मिलने की जिद में टावर पर चढ़ा युवक, पुलिस ने नीचे उतारा




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के विक्रमपुर गांव में एक युवक राहुल गांधी से मिलने की मांग को लेकर एक टावर पर चढ़ गया है। युवक ने टावर के नीचे एक नोट चिपकाया है, जिसमें उसने लिखा है कि यदि 34 घंटे के भीतर राहुल गांधी उससे नहीं मिले तो वह टावर से कूद जाएगा।

युवक ने नोट में बताया है कि उसके परिवार के तीन सदस्य बीमार हैं और वह गांधी परिवार से मदद के संबंध में मिलना चाहता है। यह घटना स्थानीय प्रशासन और पुलिस के लिए चिंता का विषय बन गई है। टावर पर चढ़े युवक ने चिपकाए गए नोट में अपना नाम खंगाल निवासी लक्ष्मी नारायण लोधी होना बताया है। स्थानीय लोगों ने पहले उसे नीचे उतरने के लिए कहा, लेकिन जब वह नहीं माना तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और युवक को सुरक्षित नीचे उतारने का लगातार प्रयास कर रही है। युवक द्वारा चिपकाए गए नोट में कई अन्य बातें भी लिखी गई हैं। उसने उल्लेख किया है कि उसके दादा स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं और उनके परिवार के गांधी परिवार से तीन पीढ़ियों से संबंध रहे हैं। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के निधन के बाद







यह संपर्क टूट गया था। लक्ष्मी नारायण लोधी ने यह भी लिखा है कि उसने कई बार राहुल गांधी और सोनिया गांधी से मिलने का प्रयास किया, लेकिन उसे मिलने नहीं दिया गया, जिससे वह लंबे समय से परेशान है। युवक लगभग 150 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ा हुआ है और अपने साथ एक झंडा भी ले गया था, जिसे उसने टावर के ऊपर बांध दिया है। युवक दोपहर करीब 2 बजे के समय से चढ़ा हुआ था।

### राहुल गांधी से मिलने की मांग लेकर मोबाईल टावर पर चढ़ा, चार घंटे बाद उतरा

पुलिस की समझाईश के बाद टाबर से उतरा युवक न्यूश स्टेट से बोला आर्थिक तंगी दादा स्वतंत्रता सेनानी इंद्रा जी के समय मिलती थी आर्थिक सहायता। बोला लगातार राहुल गांधी से मिलने की कर रहे कोशिश लेकिन आज तक नही हुई मुलाकात। राहुल गांधी को बताया अपना बड़ा भाई बोला बो बड़े जो चाहे सो करें। अशोकनगर के चन्देरी थाना क्षेत्र वे विक्रमपुर गांव मैं टाबर पर चढ़ा था युवक। लक्ष्मीनारायण लोधी को एसआई जोगेंदर यादव के लगातार समझाने पर टाबर से उतरा। फिलहाल समझाईश के बाद युवक को घर ख़ागल भेजा।

### जमाखेडी तालाब में की कार्रवाई

## जिले में अवैध मत्स्य खेट हर तालाब में हो रहा है!

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

जिले में मत्स्य पालन विभाग के पास 65 से अधिक बड़े तालाब हैं इन तालाबों में मछली पालन का कार्य सहकारिता समूहों द्वारा किया जाता है। अधिकांश तालाब पटटे पर होने के बाद भी इन तालाबों में विभाग की गाइडलाईन के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है।

कईं सहकारिता समूह में आपसी खींच तान के चलते तालाब को बाहर से पार्टीयों को बुलाकर उनके हवाले कर दिया जाता है और एक मोटी धनराशि लेकर समूह के सदस्य घर पर बैठ जाते हैं और जो पार्टी बाहर से आती है वह अपनी मन मर्जी से मछलियों का खेट करते हैं। छोटी-छोटी मछलियां भी जो प्रतिबंधित रहती है उसे पानी से निकालकर सुखान तैयार कर बाजार में बेंची जाती है। वहीं मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि स्टाफ की कमी और समय पर पुलिस नहीं मिलने से जानकारी मिलने के बाद भी उक्त अवैध मछली उत्पादन और शिकार कर्ताओं पर समय पर कार्यवाही नहीं हो पाती। रविवार को सहकारिता समूह की शिकायत उप संचालक मत्स्य विभाग को प्राप्त हुई थी, मुखबिर से जानकारी मिलने के आधार पर जब विभाग के उप संचालक बीएल डंडोतिया ने जमाखेडी तालाब पर पहुंचकर कार्यवाही की तब वह मछलियों का शिकार देखकर दंग रह गए। यहां मौके पर उनके द्वारा जाल चक्की 20 नग जप्त किए गए, 50 किलो सूखी मछलियां जप्त की हैं, 3 क्विलंट 50 किलो मछली जो आज ही तालाब में



से निकाली गई थी जिसे भी जप्त किया गया है। यह मछली का कारोबार कासिम खान मछुआ सहकारिता समिति बरखेडा हेमराज द्वारा जमाखेडी तालाब पर यह कार्य किया जा रहा था। यह तालाब पटटे पर है और सह कारिता समूह को दिया गया था, तालाब में पानी कम होने पर सहकारिता समिति द्वारा तालाब में बारिक जाल डालकर मछलियों के छोटे छोटे बच्चे भी निकाले जाने की सूचना विभाग को प्राप्त हुई थी। जिस पर मौके पर पहुंचकर उप संचालक द्वारा कार्यवाही की जा रही है। जप्त किए गए माल की नीलामी बोली लगाई जाएगी। जिले में जिला पंचायत के तालाबों के साथ साथ जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत के अलावा मनरेगा योजना के तहत जिले में कईं तालाब बनाए गए हैं। इन तालाबों में भी मछली का उत्पादन किया जाता है। इनके अलावा भी नदी,नाले जहां पर पानी का भराब अधिक होता है वहां पर भी मछली का उत्पादन किया जाता है। परन्तु विभाग के पास अमला कम होने से जिले में लाखों रूपए का राजस्व की वसूली नहीं हो पाती। जिससे अवैध रूप से मछलियों का उत्पादन और शिकार करने वाले लोग शासन के साथ साथ विभाग को लाखों रूपए का चूना लगा रहे हैं।

### 70 से अधिक स्थानों पर होगा होलिका दहन कार्यक्रम

# होलिका दहन 2 मार्च को, 3 मार्च को चन्द्र ग्रहण होने के कारण होलिका दहन नहीं होगा!

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

होलिका दहन 2 मार्च होगा, 3 मार्च को चन्द्र ग्रहण होने के कारण होलिका दहन के आयोजन नहीं होगें। इस बार पहली बार स्थिति यह बन रही है कि होलिका दहन के एक दिन बाद रंगों की होली का त्यौहार मनाया जाएगा। क्योंकि 3 मार्च को शाम 6:30 बजे के बाद से चन्द्रग्रहण की स्थिति निर्मित होने के कारण 2 मार्च को होलिका दहन का निर्णय लिया गया है।

सोमवार को अशोकनगर शहर में 70 से भी अधिक स्थानों पर होलिका दहन के आयोजन होगें। मंगलवार को साल का पहला खगाश चन्द्र ग्रहण लगेगा, इस दिन लोग दान पुण्य एवं पूजा पाठ कर सकेगें। शाम 6:20 बजे से सूतककाल की शुरूआत होगी। शहर में होली दहन का आयोजन



वर्षों से होते आ रहे हैं और हर वर्ष आयोजित होते हैं, होली दहन के लिए जिस स्थान को चुना जाता है उस स्थान पर होली का डंडा गाड़ा जाता है वहां एक झंडा लगाया जाता है और उसके आसपास से गोल घेरा बनाकर गोबर की लिपाई की जाती है इसके बाद शुभ मुहूर्त में होली दहन में भाग लेने के लिए घर परिवार और मोहल्ले के लोग शामिल होते हैं और होली का पर्व



मनाया जाता है। शहर में जो धीरे-धीरे कालोनियां विकसित हो रही है और कॉलोनी के निवासियों द्वारा पहले किसी अन्य होली में भाग लेने के लिए जाते हुए देखा जाता था लेकिन अब स्वयं अपनी कॉलोनी में ही होली जलने लगी है।

मार्च माह में पड़ने वाले त्यौहार

5 मार्च को भाई दूज का आयोजन होगा, 8 मार्च को रंग पंचमी का त्यौहार मनाया जाएगा। जिसे रंगों की होली कहा जाता है। 11 मार्च को शीतला अष्टमी का पर्व होगा,महिलाएं एक दिन पहले तरह तरह के व्यंजन बनाकर सुबह शीतला माता को 5 बजे ठण्डा भोग लगाएगी। 19 फरवरी को चैत्र नवरात्रि महापर्व की शुरूआत होगी, 20 फरवरी को चैती चांद का उत्सव मनाया जाएगा। सिंधि समाज भगवान झूलेलाल की जयंती को नववर्ष के रूप में मनाएगी। 26 मार्च गुरूवार को दुर्गा अष्टमी का पर्व मनाया जाएगा जिसमें 9 दिवसीय नवरात्रि उत्सव के अंतिम दिन घरों से लेकर मंदिरों से हवन पूजन के आयोजन होगें। 27 मार्च को रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा, यहां भगवान राम के जन्मोत्सव का आयोजन होगा। 30 मार्च को जैन समाज भगवान महावीर स्वामी जो जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर हैं उनका जन्म कल्याणक मनाएगी।

# नगर पालिका की ईको-फ्रेंडली होली मनाने की इस बार है तैयारी

### सर्वश्रेष्ठ सजावट पर मिलेगा पुरस्कार

**अशोकनगर।** रविवार को आगामी होली के त्यौहार को पर्यावरण संरक्षण और परंपरा के संगम के रूप में मनाने के लिए नगर पालिका परिषद अशोकनगर के कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में शहर के विभिन्न स्थानों के होलिका दहन आयोजनकर्ताओं को आमंत्रित किया गया।

#### पर्यावरण संरक्षण हेतु कंडों का होगा उपयोग

बैठक के दौरान अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों का हवाला देते हुए अपील की कि इस वर्ष होलिका दहन में लकड़ी के उपयोग से बचा जाए। उन्होंने कहा कि लकड़ी के जलने से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए आयोजनकर्ता उपले (कंडे) का अधिक से अधिक उपयोग करें। यह कदम न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि हमारी धार्मिक मान्यताओं के भी अनुरूप है।

#### सजावट प्रतियोगिता फोटो पहुंचेंगे मुख्यमंत्री कार्यालय

इस बार की होली में उत्साह भरने के लिए एक विशेष पहल की गई है। अध्यक्ष ने बताया कि आयोजनकर्ता अपनी-अपनी होलिका दहन स्थलों को जितना हो सके



आकर्षक ढंग से सजाएं। इन सजावटों के फोटो सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय भेजे जाएंगे। प्रदेश स्तर पर चयनित होने वाली सर्वश्रेष्ठ सजावटों और आयोजन समितियों को सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

#### सूखी होली और जल संरक्षण का संदेश

बैठक में उपस्थित मुख्य नपा अधिकारी विनोद उन्नीतान और वरिष्ठ पार्षद महेंद्र भारद्वाज ने भी आयोजनकर्ताओं से संवाद किया। परिषद की ओर से संदेश दिया गया कि नागरिक इस वर्ष सूखी होली (गुलाल से) खेलने को प्राथमिकता दें और पानी का अपव्यय बिल्कुल न करें। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, सीएमओ विनोद उन्नीतान, वरिष्ठ पार्षद महेंद्र भारद्वाज, सचिन चैधरी, सतीश पाराशर, डब्बू नामदेव, अजय शर्मा, गोलू सहित शहर की विभिन्न होलिका दहन समितियों के सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### जरूरतमंद मरीजों को ही अब मिल रहा सीटी स्कैन, सरकारी पैसे का दुरुपयोग भी हुआ कम

300 प्रतिशत तक की आई कमी लाखों की बचत

# जिला अस्पताल में फिजूल सीटी स्कैन पर लगी लगाम

**जिला अस्पताल में लंबे समय से बिना ठोस कारण कराए जा रहे सीटी स्कैन पर आखिरकार लगाम लग गई है। सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा की सख्ती और मॉनिटरिंग के बाद अनावश्यक सीटी स्कैन में करीब 300 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। इसका सीधा असर सरकारी खर्च पर पड़ा है और निजी कंपनी को मिलने वाले बिल में भारी कटौती हुई है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




जानकारी के अनुसार जहां वास्को सीटी स्कैन द्वारा जुलाई 25 में 1820, अगस्त में 1550 और सितम्बर में 1600 सीटी स्कैन हुआ करती थी और जिनका मासिक बिल 12 से 16 लाख के अंदर आया करता था, वहीं जनवरी 26 में 700 एवं फरवरी में 650 सीटी स्कैन रह गया है। कई मामलों में ऐसे मरीजों का भी सीटी स्कैन कर दिया जाता था, जिनके लिए एक्स-रे या सामान्य जांच ही पर्याप्त थी। अब सख्त स्क्रीनिंग और विशेषज्ञ की अनुमति के बाद ही सीटी स्कैन किया जा रहा है। नतीजा यह है कि मासिक बिल घटकर 4 से 5 लाख के बीच आ गया है।

अस्पताल प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि यह कटौती इलाज में कमी नहीं, बल्कि फिजूलखर्ची पर रोक है। गंभीर और जरूरतमंद मरीजों के सीटी स्कैन पहले की तरह जारी हैं। ट्रॉमा, ब्रेन हेमरेज, गंभीर सिर की चोट और जटिल मामलों में प्राथमिकता के आधार पर जांच की जा रही है। जानकारों का कहना है कि पहले मरीजों को एहतियात के नाम पर सीटी स्कैन की सलाह दे दी जाती थी, जिससे सरकारी बजट पर अनावश्यक बोझ पड़ता था और निजी एजेंसी को सीधा लाभ मिलता था। अब हर केस की चिकित्सकीय समीक्षा के बाद ही अनुमति दी जा रही है। सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा ने बताया कि हमारा उद्देश्य किसी भी मरीज को जांच से वंचित करना नहीं है, बल्कि मेडिकल प्रोटोकॉल के अनुसार ही जांच सुनिश्चित करना है। जरूरतमंद मरीजों को समय पर सीटी स्कैन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस कदम से न सिर्फ सरकारी खजाने को राहत मिली है, बल्कि अस्पताल की कार्यप्रणाली में भी पारदर्शिता बढ़ी है।

#### पहले और अब का अंतर

- पहले क्या हो रहा था?
- हर महीने 15 लाख रुपए से ज्यादा का बिल
- बिना ठोस कारण बड़ी संख्या में सीटी स्कैन
- निजी कंपनी को सीधा लाभ
- अब क्या बदला?
- 300 प्रतिशत तक की कमी
- मासिक बिल 4-5 लाख रुपए के बीच
- विशेषज्ञ की अनुमति के बाद ही जांच
- गंभीर मरीजों को प्राथमिकता

#### कैसे लगी लगाम?

- सभी मामलों की चिकित्सकीय स्क्रीनिंग
- विभागीय मॉनिटरिंग शुरू
- अनावश्यक रेफरल पर रोक
- रिकॉर्ड की नियमित समीक्षा
- सरकारी अस्पताल में उठाया गया यह कदम बताता है कि सख्त निगरानी हो तो सरकारी धन की बचत के साथ मरीजों को भी बेहतर और जिम्मेदार इलाज मिल सकता है।

### परिजनों व समाज के लोगों ने जमकर धुलाई कर पुलिस को सौंपा

# पटवारी पर नाबालिग छात्रा का वीडियो बनाने पर पास्को एक्ट में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर



नगर में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। एक मकान मालिक महेश साहू पटवारी द्वारा अपने ही घर में किराए से रहकर पढ़ाई कर रही नाबालिग छात्रा का नहाते समय मोबाइल से वीडियो बनाने का आरोप लगा है। घटना का खुलासा होते ही परिजनों ओर ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साई भीड़ शनिवार रात आरोपी के घर पहुंची और उसकी जमकर पिटाई कर दी।

जानकारी के अनुसार, आरोपी पटवारी महेश साहू (50) के घर में आसपास के गांवों की नाबालिग छात्राएं पढ़ाई के उद्देश्य से किराए पर रहती थीं। एक सप्ताह पूर्व आरोपी की पत्नी राजस्थान के छबड़ा अपने रिश्तेदारों के यहां गई हुई थी, जिससे वह घर में अकेला था। शनिवार सुबह 11वीं कक्षा की एक छात्रा परीक्षा देने से पहले नहाने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान पटवारी ने बाथरूम के गेट के ऊपर लगी जाली से मोबाइल के जरिए उसका वीडियो बना लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने दो से तीन वीडियो रिकॉर्ड किए। छात्रा ने आरोपी को संदिग्ध स्थिति में देख लिया था, लेकिन परीक्षा के कारण और भयवश तत्काल किसी को कुछ नहीं बताया। बाद में उसने साथ रहने वाली छात्राओं को घटना की जानकारी दी और परीक्षा देने चली गई। शाम को परीक्षा से लौटने के बाद छात्राओं ने परिजनों को फोन कर पूरी बात बताई। रात करीब 9 बजे परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में आरोपी के घर पहुंच गए। जब उन्होंने आरोपी का मोबाइल चेक किया तो डिलीट किए गए वीडियो रीसाइकल बिन में मिल गए। यह देखते ही लोगों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने आरोपी की पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान आरोपी के कपड़े तक फट गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को भीड़ से छुड़ाया। हालात इतने तनावपूर्ण थे कि पुलिस को आरोपी को पहले पैदल और फिर बाइक से थाने ले जाना पड़ा। देर रात तक थाने के बाहर लोगों की भीड़ जुटी रही और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी का मोबाइल जब्त कर लिया गया। वहीं मामले की गंभीरता से जांच कर पास्को एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा।

खाटू श्याम मंदिर परिसर में आयोजित की गई समिति की बैठक

# हिंदू उत्सव समिति द्वारा निकाली जाएगी पारंपरिक गेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



नगर में रंगपंचमी के अवसर पर 8 मार्च को हिंदू उत्सव समिति द्वारा एक पारंपरिक गेर निकाली जाएगी। इस गेर की रूपरेखा शनिवार रात्रि को शहर के खाटू श्याम मंदिर परिसर में आयोजित समिति की बैठक में तय की गई। बैठक में आगामी होली, धुलेंडी और रंगपंचमी पर्व के आयोजनों पर विस्तार से चर्चा हुई। समिति ने निर्णय लिया कि यह गेर 8 मार्च को सुबह 9 बजे मातामंड मोहल्ले स्थित माता शीतला मंदिर से पूजा-अर्चना के साथ शुरू होगी। यह सुठालिया रोड, मार्केट क्षेत्र, सुभाष चैक, जगात चैक, एसडीएम निवास, एबी रोड और पीपल चैराहा होते हुए चिंताहरण हनुमान मंदिर पहुंचेगी। चिंताहरण हनुमान मंदिर पर महाआरती के साथ गेर का समापन होगा। गेर के दौरान रंग-गुलाल उड़ाए जाएंगे, जिसमें बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल होंगे।

बैठक में गेर के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं और तैयारियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा ने बताया कि बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इसके अनुसार, होलिका दहन 2 मार्च को किया जाएगा, जबकि धुलेंडी पर्व 4 मार्च को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि 3 मार्च को ग्रहण होने के कारण उस दिन धुलेंडी नहीं मनाई जाएगी। 8 मार्च को निकलने वाली गेर के संयोजक गिरिराज शर्मा होंगे, जबकि रामेश्वर सोनी और सुनील जाटव सह-संयोजक की जिम्मेदारी निभाएंगे।

# त्योहार को लेकर हिंदू उत्सव समिति की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

नगर के सर्राफ मैरिज गार्डन पर शुक्रवार रात्रि में होली रंगपंचमी के त्योहार को लेकर आयोजित की गई जिसमे सभी की सहमति से यह तय किया गया की सोमवार मंगलवार की मध्यरात्रि को होलिका दहन किया जाएगा। मंगलवार 3 मार्च के दिन चंद्रग्रहण होने से बुधवार 4 मार्च को रंग उत्सव धुलेंडी मनाई जावेगी साथ ही रंगपंचमी का त्योहार 8 मार्च रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमे परंपरागत गैर निकाली जावेगी जिसमे नगर परिषद द्वारा फायर ब्रिगेड से पानी की बौछार की जावेगी साथ ही डीजे वा ढोल वा आयोजन को और भी आकर्षक बनाने के उज्जैन से कलाकारों को बुलाने पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पवन मिश्रा बालमुकुंद सर्राफ, रामगोपाल खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे।

## प्रदेश महामंत्री और पदाधिकारियों का किया स्वागत



**ब्यावरा।** शनिवार रात प्रदेश संगठन पूर्व महामंत्री नित्यानंद की माता जी स्वर्गवास होने पर उनको श्रद्धांजलि देखकर अशोक नगर से लौट कर आने पर अनुसूचित जाति मोर्चे के प्रदेश महामंत्री रामस्वरूप शुक्रवारे अनुसूचित जाति मोर्चे के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुंदरलाल वर्मा खरगोन की दीदी पूर्व जिला मजिस्ट्रेट प्रमिला साधु छिंदवाड़ा की अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला अध्यक्ष दीदी ज्योति डहरिया गुना बाईपास होटल शिवानी में स्वागत किया गया।

# ग्राम पगारी बंगला में आर्मी के वीर सपूत का स्वागत




13 वर्षों की गौरवपूर्ण सैन्य सेवा के बाद गृह आगमन पर ग्रामीणों ने किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

ग्राम पगारी बंगला उस समय देशभक्ति और गौरव की भावना से सराबोर हो उठा, जब राजपूत रेजीमेंट के वीर सपूत हवलदार शिवराज सिंह राजपूत के सेवानिवृत्ति उपरांत गृह आगमन पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। पुष्पवर्षा, साफा-पगड़ी एवं माल्यार्पण के साथ पूरे गांव ने अपने वीर पुत्र का अभिनंदन किया। जयघोषों से गूंजते वातावरण ने समारोह को अविस्मरणीय बना दिया। समारोह में महाराज भगवान सिंह, महाराज बजरंग सिंह, महाराज गोपाल सिंह ऊमठ, सरपंच अशोकपाल सिंह, पूर्व सरपंच बरवा कन्हैयालाल दांगी, राव भूपेंद्र सिंह प्रदेश मीडिया प्रभारी राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना मध्य प्रदेश, भूपेंद्र सिंह अध्यक्ष करणी सेना नरसिंहगढ़, सरपंच सुरेश दांगी सहित अनेक गणमान्यजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे वीर सैनिकों के त्याग, अनुशासन और समर्पण के कारण ही देश की सीमाएं सुरक्षित हैं और नागरिक निर्भय जीवन व्यतीत कर पा रहे हैं।

हवलदार शिवराज सिंह राजपूत ने 24 सितंबर 2009 को इंडियन आर्मी में फतेहगढ़ स्थित राजपूत रेजीमेंट सेंटर से भर्ती होकर सैन्य जीवन की शुरुआत की। लगभग 13 वर्षों की सेवा के बाद 28 फरवरी 2026 को वे हवलदार पद से सेवानिवृत्त हुए। ऑटोमैटिक गनर के रूप में उन्होंने विभिन्न संवेदनशील मोर्चों पर तैनात रहकर अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

#### कांगो में अंतरराष्ट्रीय दायित्व

वर्ष 2014-15 में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के अंतर्गत उन्हें अफ्रीकी देश डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो भेजा गया। वहां उन्होंने शांति स्थापना अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए भारत की सैन्य प्रतिष्ठा को वैश्विक स्तर पर सुदृढ़ किया और विदेशी धरती पर भारतीय सैनिकों की वीरता का परचम लहराया।

### पहले दिन 30 बालिकाओं को लगी वैक्सीन

# कुरावर में निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया गया। शुरुआत के पहले दिन ही 30 बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। शासन द्वारा महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु निःशुल्क टीकाकरण शुरू किया गया है 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी बालिकाओं को ये टीके लगाए जा रहे है जिससे उनका भविष्य सुरक्षित रहे। प्राइवेट सेक्टर में इसी टीके की कीमत बहुत ज्यादा है तथा आम आदमी की पहुंच से दूर है।

रविवार व सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरावर में आयोजित इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एलपी भाकोरिया ने कहा है कि टीकाकरण में शामिल होने वाली बालिकाओं के माता पिता से अनुरोध है कि बालिका के आधार के साथ तथा आधार से जुड़े मोबाइल नंबर के साथ पधारे स्वास्थ्य केंद्र पधारे तथा बच्चियों का भविष्य सुरक्षित बनावे। प्रभारी मेडिकल ऑफिसर डॉ. नरेश गवली ने बताया कि यह वैक्सीन सिंगल डोज में लगाई जाएगी, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 4000 रुपये है। यह वैक्सीन गर्भाशय के निचले हिस्से (सर्विक्स) के कैंसर से बचाव के लिए है, जो महिलाओं में आम है। डॉ. गवली ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर प्रति लाख महिलाओं पर 165 महिलाओं में होने की संभावना रहती है। यह वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है और इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है।

# त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



होली, धुलेंडी, रंगपंचमी, शीतला सप्तमी एवं ईद त्यौहार को लेकर पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी त्यौहारों में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने विचार विमर्श किया। एसडीओपी डीएस नागर, तहसीलदार आरपी सिंह गौड़ तथा सीएमओ हरिओम शर्मा, थाना प्रभारी संतोष सिंह, बीएमओ सुनील चौरसिया की उपस्थिति में सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण भाईचारे के वातावरण में मनाने पर जोर दिया। जहां पर अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, विद्युत सप्लाई व्यवस्था तथा संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्क निगरानी रखने के निर्देश दिए। नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने की अपील की गई। रंग पंचमी पर त्रंबकेश्वर महादेव शिव चैक से गेर निकाली जाएगी शीतला सप्तमी पर रात्रि से ही शीतला माता मंदिर परिसर में पुलिस व्यवस्था सुचारू रखने के लिए निर्देश दिए।

### मुक्तिधाम को स्वच्छ सुंदर बनाने अध्यक्ष के साथ बैठकर बनाई कार्य योजना

# कपिलेश्वर मुक्तिधाम परिसर में पर्यावरण प्रेमियों ने की साफ सफाई व पौधों की देखरेख



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के पर्यावरण प्रेमी दल के सदस्यों ने रविवार को कपिलेश्वर मुक्तिधाम समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया के साथ मुक्तिधाम को कैसे सुंदर बनाया जाए और क्या कार्य किया जाए पर्यावरण प्रेमी दल के साथ अवलोकन किया। साथ ही जो बबुल के पौधे लगे हैं उनकी काट छांट करना उनको सुंदर बनाना और उसकी लकड़ी का उपयोग मुक्तिधाम में करना कुछ पौधे बिल्कुल सड़ गए हैं जिनको गिरने का डर है उनको जड़ से कटवा कर अलग करना जो मैदान के साफ-सफाई होगी नाले तरफ है वहां पर विभिन्न प्रजाति के 25 पौधे सुरक्षा गार्ड के साथ लगाना ऐसी कार्य योजना बनी। तथा पानी की टंकी से एक या सवा इंच की पाइप लाइन मुक्तिधाम परिसर में विस्तार करना ओर जहां आवश्यकता हो वहां पर नल के पॉइंट लगाना जिससे पौधों को पानी पिलाया जा सके साथ ही पर्यावरण प्रेमी दल के सदस्यों ने मुक्तिधाम परिसर की साफ सफाई वहां लगे पौधों की जल सेवा की तथा सती माता मंदिर के पास शमी के पौधे का सुरक्षा गार्ड चोरी हो गया था तो नया सुरक्षा गार्ड लगाया गया और वहां के पौधों की भी जल सेवा की गई। इस दौरान मुक्तिधाम समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया विष्णुप्रसाद जोशी, नंदकिशोर सोनी, रामनारायण टेटवाल, जय हिन्द दुबे सहित अन्य लोग मुक्ति धाम में उपस्थित थे।

### ग्रहण की समाप्ति के उपरांत मंदिरों में गंगाजल से करेंगे शुद्धिकरण

# होली पर ग्रहण की छाया, नगर सहित अंचल के मंदिरों के कपाट रहेंगे बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

फाल्गुन की पूर्णिमा, जब धरा पर रंगों की रागिनी बिखरती है, जब गुलाल की सुगंध में प्रेम, उल्लास और सौहार्द का उत्सव झरता है उसी पावन रात्रि में इस वर्ष चन्द्रग्रहण का खगोलीय संयोग घटित हो रहा है। इस कारण सारंगपुर नगर सहित संपूर्ण अंचल के सभी प्रमुख मंदिरों के पट श्रद्धा, मर्यादा एवं शास्त्रीय परंपरा के अनुरूप बंद रखे जाएंगे। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार होली पर्व की रात्रि को चन्द्रग्रहण घटित होगा। शास्त्रों की परंपरा के अनुसार, ग्रहणकाल को अशुभ मानते हुए मंदिरों में भगवान की मूर्तियों के दर्शन, पूजन-अर्चन एवं आरती पर अस्थायी विराम दिया जाता है। इसी मर्यादा के पालन में यह निर्णय लिया गया है।



#### नगर के प्रमुख मंदिर रहेंगे बंद

खेड़ापति हनुमान मंदिर नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर बालरूप हनुमान मंदिर अंबिका माता मंदिर बदलीपुरा हनुमान मंदिर कपिलेश्वर महादेव मंदिर पंचमुखी हनुमान मंदिर पशुपतिनाथ महादेव मंदिर सहित नगर व क्षेत्र के समस्त देवालयों के कपाट ग्रहण मंगलवार को प्रातः 06बजकर 20 बजे बंद कर दिए जाएंगे, जो ग्रहण समाप्ति सायं 06बजकर 47 के पश्चात विधिवत शुद्धिकरण के बाद पुनः खोले जाएंगे।

#### ग्रहण अवधि में थमेगी आरती की ध्वनि

खेड़ापति हनुमान मंदिर के पुजारी पं पवन पारीक ने बताया कि मंगलवार को प्रातः 06 बजकर 20 बजे से ग्रहण का सूतककाल प्रारंभ होने से मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाएंगे, जो रात्रि 06 बजकर 47 बजे ग्रहण समाप्ति के उपरांत ही पुनः खोले जाएंगे। इस दौरान किसी भी प्रकार का पूजन, भोग, अभिषेक अथवा धार्मिक अनुष्ठान वर्जित रहेगा। सकल ब्राह्मण समाज नगर अध्यक्ष पं संजय शर्मा ने बताया कि परंपरा, शास्त्र और श्रद्धा का त्रिवेणी संगम धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ग्रहणकाल में नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ जाता है, अतः देवालयों में दिव्य प्रतिमाओं को सुरक्षित एवं शुद्ध बनाए रखने हेतु पट बंद रखने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। ग्रहण की समाप्ति के उपरांत मंदिरों में गंगाजल से शुद्धिकरण, अभिषेक एवं महाआरती के साथ पुनः दर्शन प्रारंभ होंगे।

**ग्रहण की समय-सारिणी**

ग्रहण प्रारंभरू सायं 05 बजकर 59 बजे,ग्रहण समाप्त सायं 06 बजकर 47 बजे,कुल अवधिरू लगभग 48 मिनट, सूतक प्रारंभरू सुबह 06 बजकर 20 बजे,यह ग्रहण भारत सहित पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, रूस और पाकिस्तान समेत अनेक देशों में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। भारत में इसकी पूर्ण दृश्यता के कारण धार्मिक प्रभाव एवं सूतक काल पूर्णतः मान्य रहेगा।